राजनीति विज्ञान विभाग
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर बधाई समारोह आयोजित

राजनीति विज्ञान विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में 05 मई 2023 राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर बधाई समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारी मुख्य अतिथि माननीय प्रो. नीलाम्बरी दवे, पूर्व कुलपति, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय रही l

कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ माता सरस्वती एवं गुरु घासीदास के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपमा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ ही विद्यार्थियों की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी l

कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि माननीय प्रो. नीलाम्बरी दवे, पूर्व कुलपति, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में विभाग के विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की l

कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की बी. ए. सेकंड सेमेस्टर की छात्रा प्रेरणा ने इलेक्टोरल लिटरेसी फेस्ट (ELF) के बारे में जानकारी दी l यह इलेक्टोरल लिटरेसी फेस्ट राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमे विभाग के विद्यार्थियों ने अलग-अलग गतिविधियों में सहभागिता, उनके द्वारा की गयी गतिविधियों एवं कार्यों हेतु अतिथियों द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किये गए l

इसके अतिरिक्त गत वर्ष में राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र- छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियों पर उन्हें विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया l जिसमे यू.जी.सी. द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा" (नेट) उतीर्ण होने पर नावेद अख्तर (JRF), भानेश्वर,मानसी मल्होत्रा, एवं दीपक कश्यप को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया l साथ ही राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र सचिन कुमार एवं मिथलेश बाबू (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) को को अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन रायपुर में प्लेसमेंट होने पर पुरस्कृत किया गया l विभाग द्वारा छात्र मुकेश कुमार (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) के इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशन पर इंटर्नशिप हेतु चयनित होने पर उन्हें भी पुरस्कृत किया गया l

विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर आयोजित बधाई कार्यक्रम का संचालन डॉ. सांत्वना पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया l कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद संबोधन प्रो. आर. के. प्रधान द्वारा किया गयाl कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों के साथ ही विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे l

HEAD
राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग
Department of Political Science and Public Administration
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
BILASPUR (C.G.)

Signature & Seal of HoD